# भारतीय जनता पार्टी

(केंद्रीय कार्यालय)
6ए, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

06 मई 2024, सोमवार

**केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री अमित शाह द्वारा पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर में आयोजित जनसभा में और कृष्णानगर में रोड शो के दौरान दिए गए उद्बोधन के मुख्य बिंदु**

**TMC के गुंडे गरीब मजदूरों की मजदूरी की उगाही करके भतीजे को देते हैं। आप भाजपा को विजयी बनाओ, हम इन गुंडों को सीधा कर देंगे**

**************

**दीदी, 15 दिन छोड़ो, पूरे 5 साल भी दुर्गापुर मे कैंप लगा लो, फिर भी आप यहाँ नहीं जीत पाओगी**

**************

**ममता दीदी बंगाल में अपराध की एक नई इंडस्ट्री चला रही हैं**

**************

**बंगाल में भ्रष्टाचार और चुनावी हिंसा आम हो चुकी है। लेकिन किसी को डरने की जरूरत नहीं, चुनाव आयोग ने केन्द्रीय सुरक्षा बल लगाई है, खुलकर मतदान कीजिए**

**************

**TMC वाले कटमनी चलाते हैं, घुसपैठ को बढ़ावा देकर उन्हें अपना वोट बैंक बनाते हैं**

**************

माननीय केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री अमित शाह ने आज सोमवार को पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर में आयोजित एक विशाल जनसभा को संबोधित किया और तृणमूल कांग्रेस के भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण की राजनीति पर करारा प्रहार किया। इससे पहले उन्होंने कृष्णानगर में राजबाड़ी की राजमाता और भाजपा प्रत्याशी श्रीमती अमृता रॉय के लिए सदर हॉस्पिटल मोड़ से एवी हाईस्कूल मोड़ तक एक भव्य रोड शो किया। रोडशो के दौरान जनता का उत्साह देखते ही बनता था। दुर्गापुर की जनसभा में केंद्रीय मंत्री श्री अर्जुन राम मेघवाल और दुर्गापुर प्रत्याशी श्री दिलीप घोष सहित अन्य नेतागण उपस्थित रहे।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि जब जनता श्री दिलीप घोष के नाम के आगे कमल के फूल पर बटन दबाएगी तो जनता का एक एक वोट आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाने में सहयोग देगा। **माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का मतलब है भारत की अर्थव्यवस्था को विश्व में तीसरे पायदान की अर्थव्यवस्था बनाना, देश में आतंकवाद और नक्सलवाद को समाप्त कर देना एवं तीन करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाना।** यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने पिछले 10 वर्षों में करोड़ों गरीबों के जीवन में रोशनी फैलाई है। कांग्रेस और टीएमसी ने 70 वर्षों तक राम मंदिर के निर्माण को लटकाए रखा लेकिन माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के दूसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर 22 जनवरी 2024 को भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा हो गई। ममता

बनर्जी और उनके भतीजे ने अपने वोटबैंक के डर के कारण भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा की निमंत्रण ठुकरा दिया था और ममता बनर्जी की वोटबैंक घुसपैठिए हैं। जिन्होंने वोटबैंक के डर से प्रभु श्री राम का बहिष्कार किया, दुर्गापुर की जनता को वोट नहीं देगी।

श्री शाह ने कहा कि **कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे कहते हैं कि देश के अन्य राज्यों का कश्मीर से कोई लेना-देना नहीं है लेकिन सत्य ये है कि दुर्गापुर सहित पूरे पश्चिम बंगाल का बच्चा बच्चा कश्मीर के लिए अपनी जान दे सकता है।** कम्युनिस्ट, टीएमसी और कांग्रेस ने मिलकर 70 वर्षों से धारा 370 को संभालकर रखा था और इसके कारण कश्मीर से पूरे देश में आतंकवाद फैलता था लेकिन माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने दूसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद 5 अगस्त 2019 को धारा 370 को सदैव के लिए समाप्त कर दिया। राहुल गांधी ने संसद में धारा 370 हटाने के बिल का विरोध करते हुए कहा था कि धारा 370 हटने से पूरे भारत में खून की नदियां बह जाएंगी लेकिन आज इसके हटने के 5 वर्षों के बाद भी घाटी में किसी की कंकर फेंकने तक की हिम्मत नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि यूपीए सरकार में पाकिस्तान और बांग्लादेश से आए आतंकवादी देश में आए दिन हमले करते थे और वोटबैंक के डर के कारण यूपीए सरकार कुछ नहीं कर पाती थी लेकिन यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने 10 ही दिन के अंदर सर्जिकल और एयर स्ट्राइक कर उरी और पुलवामा का जवाब पाकिस्तान को घर में घुसकर दिया था।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने 80 करोड़ गरीबों को नि:शुल्क राशन, 12 करोड़ शौचालए बनवाए, 4 करोड़ आवास बनवाए, 10 करोड़ लोगों को गैस सिलेंडर और 14 करोड़ लोगों के घर में नल से जल पहुंचाया है। वर्धमान-दुर्गापुर एक औद्योगिक क्षेत्र था लेकिन ममता बनर्जी के गुंडों ने यहां पर पूरा वातावरण और विकास तहस नहस कर दिया है परन्तु वर्धमान-दुर्गापुर से भाजपा प्रत्याशी के विजयी होने पर भाजपा यहां बंद पड़ी हुए उद्योगों को पुनः शुरू करवा देगी। **टीएमसी अफवाह फैला रही है भाजपा स्टील प्लांट का संचालन बंद कर देगी लेकिन सत्य ये है कि भाजपा स्टील और यूरिया प्लांट दोनों में निवेश कर उनका विस्तार करेगी।** माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत आज स्टील उत्पादन में विश्व में दूसरे पायदान पर पहुंचा है। पश्चिम बंगाल के मजदूर यूनियनों पर टीएमसी ने कब्जा कर लिया है और टीएमसी के गुंडे गरीब मजदूरों से उगाही कर उनकी मेहनत की कमाई ममता बनर्जी के भतीजे को देते हैं लेकिन भाजपा सरकार इन गुंडों पर कठोर कार्रवाई करेगी और इनको सजा देगी।

श्री शाह ने कहा कि ममता बनर्जी पिछले 15 दिन से भाजपा को हराने के लिए यहां प्रचार कर रही हैं लेकिन ममता बनर्जी 15 दिन तो क्या पूरे 5 वर्ष प्रचार करके भी दुर्गापुर नहीं जीत पाएंगी। दुर्गापुर औद्योगिक क्षेत्र में ममता बनर्जी ने अपराध एक नया उद्योग शुरू किया है जिसके कारण यहां के उद्योग ठप हो गए हैं। **इंडी गठबंधन में इकट्ठे हुए भ्रष्टाचारी दलों ने देश में 12 लाख करोड़ रुपए के घोटाले किए हैं।** पश्चिम बंगाल के मंत्री के घर 50 करोड़ रुपए और झारखंड के मंत्रियों के घर 350 करोड़ और 30 करोड़ रुपए नगद बरामद हुए हैं वहीं दूसरी ओर माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी पर 23 वर्षों तक सत्ता में रहने के बावजूद 25 पैसे के भ्रष्टाचार तक का कोई आरोप नहीं है। **सरहदी राज्य में अपना वोटबैंक बढ़ाने के लिए घुसपैठ को बढ़ावा देने के लिए ममता बनर्जी को शर्म आनी चाहिए।** ममता बनर्जी अपने वोटबैंक के लिए सीएए का विरोध करती हैं लेकिन भाजपा पड़ोसी देशों से आए हिंदू और अन्य समुदाय के लोगों को नागरिकता देकर रहेगी। पश्चिम बंगाल में अभिषेक बनर्जी के गुंडे गाय तस्करी करते हैं और इनके ऊपर कार्रवाई होने पर ममता बनर्जी रोने लगती हैं। **भ्रष्टाचार और चुनावी हिंसा पश्चिम बंगाल में आम बात हो गई है। बम धमाका कर ममता बनर्जी मतदाताओं को डराना चाहती हैं लेकिन निर्वाचन आयोग पश्चिम**

**बंगाल में केन्द्रीय बल तैनात किए हैं इसलिए जनता को ममता बनर्जी के गुंडों से डरने की कोई जरूरत नहीं है।**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि संदेशखाली ने टीएमसी के नेताओं ने धर्म के आधार पर सैकड़ों महिलाओं के साथ अत्याचार किया लेकिन ममता बनर्जी उस अत्याचारी शाहजहां शेख को गिरफ्तार करने को तैयार नहीं थी। उच्च न्यायालय के आदेश के बाद भी पश्चिम बंगाल सरकार मामले की उचित जांच नहीं कर रही थी। **महिला मुख्यमंत्री होने के बावजूद उनकी नाक नीचे सैकड़ों महिलाओं पर अत्याचार होने पर ममता बनर्जी को शर्म आनी चाहिए।** भाजपा सरकार ने संदेशखाली के एक एक अपराधी को ढूंढकर सजा देने का संकल्प लिया है। पश्चिम बंगाल ने भाजपा को 18 सीटें दी तो आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश को सुरक्षित बनाया और इसीलिए भाजपा ने इस बार पश्चिम बंगाल से 30 सीटों का लक्ष्य रखा है। उन्होंने उपस्थित जनता से भाजपा प्रत्याशी को विजयी बनाकर देश में फिर एक बार मोदी सरकार बनाने और भाजपा को 400 से अधिक सीटों पर विजयी बनाने की अपील की।

************************